>

Title: Need to redress the problems of people suffering from various body deformities due to presence of high Fluoride content in water-laid.

डॉ. भोला सिंह (नवादा): बिहार के नवादा जिले के रगौली प्रखंड अन्तर्गत कचहरिया डीट गांव में पांच सौ परिवारों का जीवन पानी में फ्लोराइड की अधिक मात्रा होने के कारण घोर चिंता का विषय बना हुआ है। इससे सभी लोग विकलांग हो गये हैं। दलित, महादलित, अति पिछड़े परिवारों के होने के कारण कोई गम्भीरता किसी भी स्तर से नहीं दिखायी पड़ती है। 2003 में केन्द्रीय सरकार की ओर से विशेषज्ञों की एक टीम स्वास्थ्य विभाग की ओर से भेजी भी गई और उसका प्रतिवेदन भी सरकार को प्राप्त हुआ, पर उसी अनुशंसाओं का कार्यान्वयन अभी तक नहीं हुआ है। पांच सौ परिवारों का यह विकलांग गांव आज भी देश के भाग्यविधाताओं की बाट जोट रहा है।

मैं सरकार से आपके माध्यम से अनुरोध करता हूँ कि अविलम्ब इस गांव की आने वाली राष्ट्रीय पीढ़ी को विकलांग होने से बचाने का कार्य करने की कृपा करें।